हमीर उत्सव, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण प्रतिवेदन
अवधि 4/2013 से 3/2015
भाग–एक

1 प्रारम्भिक

(क) अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान संस्था में निम्नलिखित अधिकारी आहरण एवं वितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहेः–

क्रम संख्या	अधिकारी का नाम	अवधि
1	श्री जे0के0 कटोच	6.2.2013 से 27.5.2013
2	कुमारी सोनिया ठाकुर	10.6.2013 से 10.2.2014
3	श्री एस0के0 पराशर	3.3.2014 से 17.6.2014
4	डा0 आशीष शर्मा	17.6.2014 से 31.3.2015

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार

क्र0 सं0	पैरा सं0	विवरण	राशि (लाखों में)
1	4(ख)(ग)	बैंक समाधान विवरणी से सम्बन्धित अनियमितताएं	विवरण पैरे में दिया गया है
2	6	स्मारिका में विज्ञापनों के प्रकाशन के एवज़ में विभिन्न विभगों से वसूली योग्य शेष राशि का पाया जाना	0.80
3	7	हमीर उत्सव के दौरान आबंटित स्टालों को बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति/आदेशों के रद किए गए दर्शाकर प्राप्त चैकों को बैंक मे न भुनाना	0.20
4	9	क्रय की गई सामग्री की भण्डार रजिस्टर में प्रविष्टियाँ न करना	1.07
5	10	हमीर उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु भुगतान की गई दरों को सक्षम अधिकारी से अनुमोदित न करवाना	0.70

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने पर पाया गया कि संस्था द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों के निस्तारण हेतु किए गए प्रयास सन्तोषजनक नही हैं। अतः अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु कारगर पग उठाए जाने की नितान्त आवश्यकता हैं। गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण **परिशिष्ट–"A"** पर दिया गया है।

भाग–दो

2 वर्तमान अंकेक्षणः– हमीर उत्सव के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, श्री संदीप कमल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 10.7.2015 से 22.7.2015 के दौरान हमीरपुर में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में वर्णित हैं। लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु निम्नलिखित मासों का चयन किया गयाः–

वर्ष	आय	व्यय
2013—14	10/2013	10/2013
2014—15	11/2014	11/2014

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, उपरोक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई, के लिए उतरदायी नहीं होगा।

3 अंकेक्षण शुल्क

हमीर उत्सव के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आंकलन ₹5,000/— किया गया, जिसे रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला—9 के पक्ष में भेजने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 91, दिनांक 22.7.2015 द्वारा संस्था से अनुरोध किया गया तथा जिसकी अनुपालना में संस्था द्वारा अकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को बैंक ड्राफ्ट संख्याः 632378, दिनांक 23.7.2015, ₹5,000/— प्रेषित कर दिया गया।

4 वित्तीय स्थिति

(क) संस्थान द्वारा प्रस्तुत हमीर उत्सव के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से पाई गई, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट—''क''** में भी दिया गया है।

वित्तीय वर्ष	प्रारम्भिक शेष (रोकड़ बही के अनुसार)	अनुदान राशि	ऋण की राशि	आय	ब्याज	कुल	व्यय	ऋण का भुगतान	अन्तिम शेष
13—14	210405.97	50000	600000	2956140	45789	3862334.97	5722677	—	139657.97
14—15	139657.97	50000	1000000	3536811	15268	4741736.97	3427530	600000	714206.97

दिनांक 31.3.2015 को रोकड़ बही में शेष 7,14,206.97

दिनांक 31.3.2015 को बैंक में शेष 6,68,380.97

(स्टेट बैंक ऑफ पटियाला खाता सं0 76140 में ₹6,64,422.97, सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया खाता संख्या 53117 में ₹3,958.00)

(ख) बैंक समाधान विवरणीका

Bank Reconciliation Statement on 31-3-2015

Particulars	Debit	Cradit
Balance as per Cash Book	7,14,206.97	-
Less credit in Cash Book before 31-3-2013	(+) 17.00	
Amount directly deposited into SBOP A/C No. 76140 but not taken in Cash Book		

Sr. No.	Cheque No.	Dated	Amount
1	053785	1-9-2011	7500
2	SC-00346	28-12-2011	20
3	538976288	27-9-2011	7500
4	292425	21-3-2012	9950
5	462034	23-3-2012	10000
6	538976288	24-3-2012	10000
7	122764	11-9-2012	10000
8	941509	28-12-2011	10000
9	Transfer	6-11-2013	10000
10	29045	7-3-2014	5000
11	872182	20-3-2015	10000

(+) 89,970.00

Amount directly deposited into CBI A/C No. 53117 but not taken in Cash Book

Sr. No.	Cheque No.	Dated	Amount
1	098801	31-8-2012	10000
2	275719	1-9-2012	10000
3	Transfer	10-9-2012	3000
4	5210622 Transfer	21-9-2012	10000

(+) 33000.00 -

Cheques issued but not presented for payment

Sr. No.	Cheque No.	Dated	Amount
1	07316	1-9-2011	3000
2	07344	2-9-2011	3000
3	07365	3-9-2011	3000
4	18823	2-9-2012	4000
5	18827	2-9-2012	1500
6	18832	2-9-2012	5500
7	18894	17-9-2012	5500
8	753604	29-10-2013	1100
9	753746	27-10-2013	1000
10	753796	29-10-2013	1000

(+) 28,600.00 -

Interest credited by the bank on 30-11-2014, in CBI A/c No. 53117, but not taken in Cash Book (+) 78.00

Cheque deposited into Bank, but not credited by Bank

Sr. No.	Cheque No.	Dated	Amount
1	292286	25-8-11	7500
2	053785	29-8-2011	7500
3	931905/897267	13-1-2012	10000
4	79740	29-8-2012	10000
5	19140	24-8-2012	10000
6	18248	27-8-2012	10000
7	UCO Bank	31-8-2012	10000

(-) 87,000.00

8	710169	10-9-2012	2000	
9	122764	10-9-2012	10000	
10	333004	14-10-2013	10000	

Bank Charges charged by the Bank

A/C No. 76140

Before	31-3-2013	1227	
	29-10-2013	100	
	3-4-2014	28	
	10-4-2014	56	
	18-10-2014	500	(-) 2918.00
	10-11-2014	102	
	10-11-2014	102	
	14-11-2014	102	

A/C No. 53117

Before	31-3-14	701	

Amount debited from the bank A/c but not taken in Cash Book

SBP A/c No. 76140

Sr.No.	**Cheque No.**	**Dated**	**Amount**
1	897267	8-2-2012	10000
2	07469	11-9-2012	5000
3	861113	29-10-2013	10000

CBI A/c No. 53117

Sr.No.	**Cheque No.**	**Dated**	**Amount**	
1	Transfer	11-9-2012	3000	(-) 48,000.00
2	Transfer (Cheque return)	11-12-2012	10000	
3	Transfer (Cheque return)	11-12-2012	10000	

Less deposited cash into bank on 27-8-2012	(-) 10,000.00
Amount shown as deposited into bank on 24-12-2013 in Cash Book but not credited by the bank	(-) 30,000.00
Difference (before 31-3-2013)	(-) 3,000.00
Cash in Hand	(-) 16,573.00
Balance as per Pass Book	6,68,380.97

(ग) बैंक समाधान विवरणी का सारांश

जाँच में पाया गया कि संस्थान द्वारा नियमों के अनुसार समय–समय पर रोकड़ बही के शेष का मिलान बैंक के शेष से नहीं किया गया था, जिस कारण दिनांक 31.3.2015 को बैंक एवं रोकड़ बही के शेष में पाए गए अन्तर के कारण स्पष्ट नहीं किए गए थे। अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2011 से 3/2013 के पैरा संख्याः 4 में भी बैंक समाधान विवरणी से सम्बन्धित आपत्तियाँ दर्ज की गई थी, लेकिन इतना समय व्यतीत होने के पश्चात् भी इन आपत्तियों का समाधान नहीं किया गया एवं इस अंकेक्षण में भी बैंक समाधान विवरणी में अन्तर की अधिकांश पुविष्टियाँ पुनः पाई गई। अतः इन आपत्तियों के समायोजन हेतु शीघ्र कोई ठोस कदम उठाए जाएं तथा भविष्य में इस प्रकार की गलतियों को न दोहराया जाए।

अंकेक्षण के दौरान दिनांक 31.3.2015 को बैंक समाधान विवरणी में मुख्यतः निम्नलिखित आपतियाँ पाई गई :—

(i) दिनांक 31.3.2013 से पूर्व की ₹17/— की जमा प्रविष्टि रोकड़ बही में की गई दर्शाई गई थी। अतः इसकी समायोजन प्रविष्टि रोकड़ बही में करनी सुनिश्चित की जाए।

(ii) बैंक समाधान विवरणी के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के खाता संख्याः 76140 में ₹89,970/— सीधे ही जमा करवा दी गई थी, लेकिन रोकड़ बही में इसकी प्रविष्टियाँ नहीं की गई थी। अतः संस्था द्वारा आन्तरिक स्तर पर छानबीन करके इन राशियों के बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए।

(iii) सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के खाता संख्याः 53117 में ₹33,000/— के 4 चैक सीघे जमा करवाये गए थे, लेकिन इनकी प्रविष्टियाँ रोकड़ बही में नहीं की गई थी। अतः जाँच के उपरान्त रोकड़ बही में इन राशियों की प्रविष्टियाँ करके वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(iv) जाँच में पाया गया कि दिनांक 1.9.2011 से 29.10.2013 के दौरान ₹28,600 के 10 चैक विभिन्न एजैन्सियों को भुगतान हेतु जारी किए गए थे, लेकिन यह चैक बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए थे तथा अब यह सभी चैक कालातीत हो चुके हैं। अतः इन चैकों के भुगतान की वास्तविक पुष्टि बैंक से करने के उपरान्त इनकी प्रविष्टियाँ रोकड़ बही के आय पक्ष में दर्ज करके इनको समायोजित करना सुनिश्चित किया जाए।

(v) सैन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया के खाता संख्याः 53117 में बैंक में ब्याज के रूप में दिनांक 30.11.2014 को ₹78/— जमा की गई थी, लेकिन रोकड़ बही में इसकी प्रविष्टियाँ नहीं की गई थी। अतः इसकी प्रविष्टि रोकड़ बही में करने के साथ—साथ भविष्य में रोकड़ बही में इस प्रकार की प्रविष्टियाँयथा समय करनी सुनिश्चित की जाए।

(vi) बैंक समाधान विवरणी के अनुसार ₹87,000 के 10 चैक दिनांक 25.8.2011 से 14.10.2013 के दौरान बैंक में जमा करवाये गए थे, लेकिन इन चैकों को बैंक द्वारा क्रैडिट नही किया गया था एवं इन चैकों की वास्तविक स्थिति से विभाग द्वारा भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई। अतः इन चैकों की वास्तविक स्थिति की पुष्टि बैंक से करने के पश्चात् इनकी वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(vii) जाँच में पाया गया कि बैंक खातों से ₹2918/— बैंक चार्ज़िज के रूप में विभिन्न अवधियों में डैबिट किया गया, लेकिन इनकी प्रविष्टियाँ रोकड़ बही में नहीं की गई थी। अतः रोकड़ बही में इनकी समायोजित प्रविष्टियाँ करनी सुनिश्चित की जाए एवं भविष्य में समय—समय पर इस प्रकार की प्रविष्टियाँ रोकड़ बही में करनी सुनिश्चित की जाए।

(viii) जाँच में पाया गया कि स्टेट बैंक आफ पटियाला द्वारा ₹25,000/– के 3 चैक तथा सैट्रल बैंक आफ इण्डिया द्वारा ₹23,000/– के 3 चैक अर्थात् ₹48,000/– के चैक बैंकों द्वारा डैबिट दर्शाकर अथवा स्थानान्तरित दर्शाकर वापिस किए गए दर्शाकर बैंक खातों से राशि को कम किया गया था, लेकिन विभाग द्वारा इन चैकों द्वारा राशि को डैबिट करके बैंक खातों में कम करने से सम्बन्धित अभिलेख एवं कारणों से अंकेक्षण को अवगत नही करवाया गया। अतः इन चैकों की राशि को डैबिट करने/राशि को बैंक खातों से कम करने से सम्बन्धित अभिलेख आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत करने के अतिरिक्त इनके कारणों को भी स्पष्ट किया जाए।

(ix) दिनांक 27.8.2012 को शेष बची हस्तगत ₹10,000/– दिनांक 22.7.2015 को बैंक खाता संख्याः 76140 में जमा करवा दी गई थी एवं इसकी पुष्टि भी अंकेक्षण के दौरान कर ली गई थी। अतः इतनी लम्बी अवधि तक राशि को हस्तगत रखने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त दिनांक 24.12.2013 से 12.07.2015 तक इस राशि पर ब्याज के रूप में हुई हानि की क्षतिपूर्ति सम्बन्धित कर्मचारी से दण्ड ब्याज सहित करनी सुनिश्चित की जाए एवं भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता को दोहराने से परिहार किया जाए।

(x) दिनांक 24.12.2013 को रोकड़ बही के पृष्ठ संख्याः 141 के अनुसार हस्तगत ₹30,000/– बैंक में जमा की गई दर्शाई गई थी, लेकिन जाँच में पाया गया कि यह राशि बैंक में जमा नहीं हुई थी। अंकेक्षण के दौरान यह अनियमितता आहरण एवं वितरण अधिकारी के ध्यान में लाई गई, जिसकी अनुपालना में दिनांक 13.7.2015 को ₹30,000/– स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के खाता संख्याः 76140 में जमा करवा दी गई थी एवं इसकी पुष्टि भी कर ली गई थी। अतः इतनी लम्बी अवधि तक उक्त राशि को हस्तगत रखने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त दिनांक 24.12.2013 से 12.7.2015 तक इस राशि पर ब्याज के रूप में हुई हानि की क्षतिपूर्ति सम्बन्धित कर्मचारी से दण्ड ब्याज सहित करनी सुनिश्चित की जाए एवं भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता को दोहराने से परिहार किया जाए।

(xi) **₹3,000/– के शुद्ध अन्तर के बारे में**

जाँच में पाया गया कि दिनांक 31.3.2013 तक बैंक समाधान विवरणिका के अन्तर्गत पूर्व के शुद्ध अन्तर की ₹3,000/– पुनः पाई गई थी अर्थात दिनांक 31.3.2013 को रोकड़ बही का अन्तशेष बैंक खातों के अन्तशेष से ₹3,000 अधिक था। इस अन्तर के कारण स्पष्ट करने के लिए पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा 4(ण) में भी आपत्ति दर्ज की गई, लेकिन इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। अतः इस अन्तर की राशि के कारणों की शीघ्र छानबीन करके वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

उपरोक्त के दृष्टिगत परामर्श दिया जाता है कि रोकड़ बही एवं बैंक खातों का मिलान माहवार किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा आन्तरिक नियन्त्रण प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जाये ताकि इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

5 होली उत्सव से ऋण लेकर व्यय करने बारे

हमीर उत्सव की वित्तीय स्थिति से स्पष्ट है कि हमीर उत्सव के आयोजन के लिए समय–समय पर होली उत्सव से ऋण लिया गया है तथा दिनांक 31.3.2015 तक ऋण की ₹10,00,000/– की अदायगी करनी शेष थी जबकि हमीर उत्सव के खाते में दिनांक 31.3.2015 तक केवल मात्र ₹7,14,207/– ही उपलब्ध थी, जो कि एक चिन्ता का विषय है। अतः हमीर उत्सव के आय के स्त्रोतों में बढ़ोतरी करनी सुनिश्चित की जाए।

6 स्मारिका में विज्ञापनों के प्रकाशन के एवज़ में विभिन्न विभागों से वसूली योग्य ₹80,000/– शेष पाया जाना

जाँच में पाया गया कि हमीर उत्सव के उपलक्ष पर संस्था द्वारा स्मारिका का प्रकाशन किया जाता है एवं इस समारिका में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी–अपनी उपलब्धियों का व्याख्यान किया जाता है जिसके एवज़ में हमीर उत्सव द्वारा बिल जारी करके राशि एकत्रित करनी अपेक्षित होती है, लेकिन जाँच में पाया गया कि विभाग ने ऐसा कोई भी अभिलेख तैयार नहीं किया था जिससे पता चल सके कि इस सन्दर्भ में जारी बिलों के आधार पर किस–किस विभाग से विज्ञापन की राशि प्राप्त करनी शेष है, फिर भी अंकेक्षण के दौरान विभिन्न बिलों की जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित बिलों की राशि सम्बन्धित विभागों से प्राप्त नहीं की गई थी और न ही इनकी वसूली हेतु कोई प्रयास किए गए थे।

क्र0 सं0	विभाग का नाम	बिल का विवरण	राशि
1	D.C-Cum-Chief Executive Officer DRDA CHAMBA	Bill No. 41, Dt. 17-1-2014	20,000
2	Dy Director, Mid Himalyan Water Shed Project, Solan	Bill No. 703, Dt. 15-1-2015	10,000
3	Project Director, ATMA Kelong Lahoul Sipiti	Bill No. 705, Dt. 15-1-2015	10,000
4	Project Officer DRDA Kangra at Dharamshala	Bill No. 711, Dt. 15-1-2015	20,000
5	Dy, Director, H.P.S.E.B (L) Vidyut Bhawan Shimla-4	Bill No. 713, Dt. 15-1-2015	10,000
6	Director, A.J. Gold Silver refinery M.C. Chowk Nadaun.	Bill No. 740, Dt. 15-1-2015	10,000
		Total	**₹80,000**

अतः इन राशियों को शीघ्र प्राप्त करने के अतिरिक्त संस्था स्तर पर आन्तरिक जाँच करके यह भी पता लगाया जाए कि वास्तव में विभिन्न विभागों में स्मारिका के विज्ञापन प्रकाशित करने के एवज़ में कोई

और राशि तो वसूली योग्य शेष तो नहीं है। उपरोक्त के अतिरिक्त भविष्य में विज्ञापनों से सम्बन्धित जारी बिलों के आधार पर वसूली योग्य राशि से सम्बन्धित अभिलेख तैयार करने सुनिश्चित किए जाएं ताकि यह पता चल सके कि एक निश्चित तिथि को किन–किन विभागों से कितनी–कितनी वसूली शेष है एवं इनकी वसूली हेतु अपेक्षित प्रयास भी किए जा सकें।

7 हमीर उत्सव के दौरान आबंटित स्टालों को बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति/आदेश के रद्द किए गए दर्शाकर प्राप्त ₹20,000/– के चैकों को बैंक से न भुनाने बारे

हमीर उत्सव के दौरान प्रशासन द्वारा नई दरों पर विभिन्न स्टॉल लोगों को व्यवसाय हेतु आबंटित किए जाते हैं, लेकिन अंकेक्षण में पाया गया कि प्रशासन द्वारा ऐसा कोई भी अभिलेख तैयार नहीं किया गया था जिससे पता चल सके कि हमीर उत्सव में कुल कितने स्टॉल थे, कितने स्टॉल आबंटित किए गए एवं आबंटित स्टालों से कुल कितनी राशि प्राप्त की गई थी। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि निम्नलिखित स्टालों के आबंटन के एवज़ में प्राप्त चैकों को बैंक से नहीं भुनाया गया था तथा आबंटित स्टालों को रद्द किया गया दर्शाया गया था, लेकिन स्टाल रद्द करने से सम्बन्धित कोई भी स्वीकृति/कार्यालय आदेश प्रस्तुत नहीं किए गए तथा न ही इन रद्द किए गए स्टालों के स्थान पर किसी अन्य व्यवसायी को स्टालों का आबंटन किया गया था। अतः निर्धारित समय के पश्चात स्टालों को रद्द किए गए दर्शाने का औचित्य स्पष्ट करने के साथ–साथ इस प्रकारण में सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करनी सुनिश्चित की जाए अन्यथा अनियमित प्रकार से रद्द किए गए इन स्टालों के कारण हुई हानि की क्षतिपूर्ति उचित स्त्रोत से करनी सुनिश्चित की जाए। रद्द किए गए स्टालों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

वर्ष	आबंटित व्यक्ति का नाम	चैक संख्या	राशि
2013-14	M/s Sandeep Patyal	Ch. No. 861113, Dt. 23-10-2013	10,000
2014-15	M/s Yumi babers	Ch. No. 234322, Dt. 27-10-2014	10,000
		Total	**₹20,000**

8 बिना निविदाएं आमन्त्रित किए सामग्री का क्रय करने बारे

हिमाचल प्रदेश वित्त नियम–2009 के नियम 97 के अनुसार ₹3,000 से अधिक की खरीद के लिए निविदाएं आमन्त्रित करनी अनिवार्य हैं। अंकेक्षण के दौरान चयनित मासों के खर्चों की जाँच करने पर पाया गया कि प्रशासन द्वारा निम्न विवरणानुसार सामग्री का क्रय बिना निविदाएं आमन्त्रित किए किया गया है। यदि सामग्री का क्रय निविदाएं आमन्त्रित करके किया गया होता तो बाजारी प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाया जा सकता था। अतः बिना निविदाएं आमन्त्रित किए क्रय करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए एवं सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके इस व्यय को नियमित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त चयनित मासों के अलावा अन्य मासों में भी इस प्रकार के प्रकरणों की जाँच भी प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर की जाए तथा तदानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

फर्म का नाम/ बिल संख्या/ दिनांक	सामग्री का विवरण	वाऊचर संख्या	राशि
M/S Raj Traders Hamirpur, Bill No. 088, Dt. 26-10-2013	Glass & Plates etc.	Vr. No. 15, Dt. 20-11-2013	4,320
M/S Kamal General Store, Hamirpur, Bill No. 6, Dt. 11-11-2014	Confectionary Material	Vr. No. 9, Dt. 24-11-2014	5,255
M/S Dewan Enterprises Hamirpur, Bill No. 4616, Dt. 9-11-2014	Hardware Material	Vr. No. 11, Dt. 24-11-2014	5,270

9 क्रय की गई ₹1,07,530 की सामग्री की भण्डार रजिस्टर में प्रविष्टियाँ न करने बारे

हिमाचल प्रदेश वित्त नियम–2009 के नियम 15.4 के अनुसार प्रत्येक सामग्री का इन्द्राज सम्बन्धित भण्डार रजिस्टर में किया जाना अपेक्षित होता है, परन्तु जाँच में पाया गया कि संस्था द्वारा निम्न विवरणानुसार क्रय की गई सामग्री का इन्द्राज भण्डार रजिस्टर में नहीं किया जा रहा है, जिसके अभाव में सामग्री के दुरूपयोग की सम्भावना बनी रहती है।

फर्म का नाम/ बिल संख्या/ दिनांक	सामग्री का विवरण	वाऊचर संख्या	राशि
Bhuttico Society, Bill No. 014983 Dt. 26-10-2013	26 Shawls 23 Caps	Vr. No. 22 Dt. 20-11-2013	29,650
M/S Ancient Treasurers of Tibet, Bill No. Nil	Momentos	Vr. No. 2 Dt. 22-11-2013	47,810
M/S Bhuttico, Co-op Society, Bill NO. 42561, Dt. 21-11-2014	22 Shawls 31 Caps	Vr. No. 1 Dt. 27-11-2014	30,070
		योग	1,07,530

अतः उपरोक्त सामग्री का भण्डार रजिस्टर में इन्द्राज न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा संस्था द्वारा क्रय की गई प्रत्येक सामग्री का इन्द्राज सम्बन्धित भण्डार रजिस्टर में करने के उपरान्त ही इन्हें नियमानुसार जारी करना सुनिश्चित किया जाए।

10 हमीर उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु भुगतान की गई ₹70,000 की दरों को सक्षम अधिकारी से अनुमोदित न करवाने बारे

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि हमीर उत्सव 2013–2014 के दौरान विभिन्न एजैन्सियों को निम्नलिखित कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ₹70,000/– का भुगतान किया गया, परन्तु भुगतान की दरों/राशि को सक्षम अधिकारी से अनुमोदित नहीं करवाया गया था, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए एवं अब इन दरों को सक्षम अधिकारी से अनुमोदित करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ताकि इस बात की पुष्टि की जा सके कि इन प्रकरणों में कोई अनुचित लाभ तो प्रदान नहीं किया गया है।

कार्यक्रम का विवरण	भुगतान का विवरण	वाऊचर संख्या	राशि
Harmony Events	Paid to Sh. Vijay Kumar vide Ch. No. 753627, Dt. 30-10-2013	-	50,000
Stage Perfomance	Paid in cash to Sh. Dale Ram, P.O. Mohal, Kullu	Vr. No. 35, Dt. 20-11-2013	20,000

11 लघु आपत्ति विवरणी :– इसे अलग से जारी नहीं किया गया अपितु इनका मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

12 निष्कर्ष :– लेखों के रख–रखाव में सुधार एवं कड़ी निगरानी की आवश्यकता है एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु समयबद्ध ढंग से शीध्र उचित पग उठाए जाने की नितान्त आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त हमीर उत्सव में आय–व्यय में सन्तुलन बनाये रखने की भी नितान्त आवश्यकता है क्योंकि हमीर उत्सव से प्राप्त आय काफी कम है एवं प्रायः व्ययों को वहन करने के लिए होली उत्सव से ऋण लेना पड़ता है। अतः हमीर उत्सव की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए आय के स्त्रोतों में बढ़ौतरी करनी सुनिश्चित की जाए तथा व्ययों में कटौती की जाए।

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009

पृष्ठांकन सं0: फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(14)222/2002–खण्ड–1–6095–6098, दिनांकः 17.10.15
शिमला–9

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

पंजीकृत 1 आयुक्त एवं अध्यक्ष, हमीर उत्सव हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करवाकर सटिप्पण उतर एक माह के भीतर इस विभाग को प्रेषित करने सुनिश्चित करें।

2 निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–171009

3 विशेष सचिव, (भाषा एवं संस्कृति), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–171002

4 श्री संदीप कमल, अनुभाग अधिकारी द्वारा ....

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009

परिशिष्ट–"A"

पैरा संख्या 1(ग) में सन्दर्भित

(1) हमीर उत्सव की नगर परिषद के अधीनस्थ अवधि के अनिर्णीत पैरों की सूची

(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 10/2001 से 3/2002

1	पैरा 3	अनिर्णीत
2	पैरा 4(1)	अनिर्णीत
3	पैरा 4(2)	अनिर्णीत
4	पैरा 4(3)	अनिर्णीत
5	पैरा 4(4)	अनिर्णीत
6	पैरा 4(5)	अनिर्णीत
7	पैरा 4(6)	अनिर्णीत
8	पैरा 4(7)	अनिर्णीत
9	पैरा 5(1)	अनिर्णीत
10	पैरा 5(2)	अनिर्णीत
11	पैरा 5(3)	अनिर्णीत
12	पैरा 6(1)	अनिर्णीत
13	पैरा 6(2)	अनिर्णीत
14	पैरा 6(3)	अनिर्णीत
15	पैरा 6(4)	अनिर्णीत

(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2002 से 9/2003

1	पैरा 4	अनिर्णीत
2	पैरा 5(1)	अनिर्णीत
3	पैरा 5(2)(क)	अनिर्णीत
4	पैरा 5(2)(ख)	अनिर्णीत
5	पैरा 5(2)(ग)	अनिर्णीत
6	पैरा 5(3)	अनिर्णीत
7	पैरा 5(4)(क)	अनिर्णीत
8	पैरा 5(4)(ख)	अनिर्णीत
9	पैरा 5(4)(ग)	अनिर्णीत
10	पैरा 5(5)	अनिर्णीत
11	पैरा 5(6)	अनिर्णीत
12	पैरा 5(7)(क)	अनिर्णीत
13	पैरा 5(7)(ख)	अनिर्णीत
14	पैरा 5(8)	अनिर्णीत
15	पैरा 5(9)	अनिर्णीत
16	पैरा 5(10)	अनिर्णीत
17	पैरा 6(1)	अनिर्णीत
18	पैरा 6(2)	अनिर्णीत
19	पैरा 6(3)	अनिर्णीत
20	पैरा 7(1)	अनिर्णीत

21	पैरा 7(2)	अनिर्णीत
22	पैरा 7(3)	अनिर्णीत

(2) हमीर उत्सव की आयुक्त एवं अध्यक्ष हमीर उत्सव के अधीनस्थ अवधि के अनिर्णीत पैरों की सूची

(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/1999 से 3/2002

1	पैरा 4(1) (क,ख,ग)	अनिर्णीत
2	पैरा 4(3,4,5,6,7)	अनिर्णीत
3	पैरा 4(8) (क,ख,ग)	अनिर्णीत
4	पैरा 4(9)	अनिर्णीत
5	पैरा 4(10) (क,ख,ग)	अनिर्णीत
6	पैरा 4(11) (क,ख)	अनिर्णीत
7	पैरा 4(12) (क,ख)	अनिर्णीत
8	पैरा 4(13) (क,ख)	अनिर्णीत
9	पैरा 4(14) (क,ख)	अनिर्णीत
10	पैरा 4(15,16,17)	अनिर्णीत
11	पैरा 5(1,2,3,4,5)	अनिर्णीत
12	पैरा 6(1,2,3,4)	अनिर्णीत

(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2002 से 3/2005

1	पैरा 3	अनिर्णीत
2	पैरा 4(2,3,4,5,6,7,8,9)	अनिर्णीत
3	पैरा 4(10) (क,ख)	अनिर्णीत
4	पैरा 4(11,12,13,14,15,16,17)	अनिर्णीत
5	पैरा 5(1,2,3,4,7)	अनिर्णीत

(ग) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2005 से 3/2007

1	पैरा 4	अनिर्णीत
2	पैरा 5(क,ख,ग)	अनिर्णीत
3	पैरा 5(घ)(2,3)	अनिर्णीत
4	पैरा 6	अनिर्णीत
5	पैरा 7	अनिर्णीत
6	पैरा 8	अनिर्णीत
7	पैरा 9	अनिर्णीत
8	पैरा 10	अनिर्णीत
9	पैरा 11	अनिर्णीत
10	पैरा 12	अनिर्णीत

(घ) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2007 से 3/2010

1	पैरा 4	अनिर्णीत
2	पैरा 5	अनिर्णीत
3	पैरा 6	अनिर्णीत
4	पैरा 7	अनिर्णीत
5	पैरा 8(1)	अनिर्णीत
6	पैरा 8(2)	अनिर्णीत

7	पैरा 8(3)	अनिर्णीत	
8	पैरा 8(4)	अनिर्णीत	
9	पैरा 8(5)	अनिर्णीत	
10	पैरा 9	अनिर्णीत	

(ड़) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2010 से 3/2011

1	पैरा 4(ख)	अनिर्णीत	
2	पैरा 6	अनिर्णीत	
3	पैरा 10(ख)(1)	अनिर्णीत	
4	पैरा 10(ख)(2)	अनिर्णीत	

(च) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2011 से 3/2013

1	पैरा 3	निर्णीत	(अंकेक्षण शुल्क की ₹3300 ड्राफ्ट संख्याः 904895, दिनांक 3.4.2014 द्वारा जमा करवा दी गई)
2	पैरा 4	निर्णीत	(पैरे की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा 4 में पुनः प्रारूपित की गई है)
3	पैरा 5	अनिर्णीत	
4	पैरा 6	निर्णीत	(निदेशक, भाषा एवं संस्कृति द्वारा पत्र संख्याः भासनि–7/2008–कला–II-9826, दिनांक 15.7.2014 के अन्तर्गत अधिक भुगतान की गई ₹6930/– की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। अतः पुष्टि के उपरान्त पैरे का समायोजन कर दिया गया।)
5	पैरा 7	अनिर्णीत	
6	पैरा 8	निर्णीत	(जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी को भुगतान की गई ₹50,000/– का समायोजन वाऊचर अभिलेखों की जाँच कर ली गई एवं इनकी प्रविष्टि रोकड़ बही के पृष्ठ संख्याः 116, दिनांक 22.12.12 मे की गई थी। अतः जाँच के पश्चात् पैरे का निपटारा कर दिया।)
7	पैरा 9	अनिर्णीत	

अनिर्णीत पैरों का विवरण

अवधि	**पैरों की संख्या**
प्रारम्भिक शेष दिनांक 1.4.2013	85
वर्तमान अंकेक्षण के दौरान लगाए गए पैरे	(+) 8
वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान निर्णीत किए गए गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरे	(–) 4
अन्तशेष (दिनांक 31.3.2015 तक)	89